THE DEPUTY CHAIRMAN: Two hours were allocated for the discussion on this Bill, but you have brought papers, as if we are going to discuss this for six hours..*(Interruptions)*... Just one second. The Members should know how much time is allocated for each party and prepare their speeches accordingly; otherwise, they are speaking on behalf of other speakers also, and the result would be that these speakers would suffer. So, you make speech according to the time allocated to the party. I will be very happy. ...*(Interruptions)*...

SHRI SANTOSH BAGRODIA : Madam, I appreciate your statement. I wish you would had informed me when I started my speech.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You were also in the Business Advisory Committee.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: No, Madam. So much time is allotted to me, because some other speaker from my party has spoken before me and I did not know how much time she has taken. If you had told me, then I would not have taken one minute more than the allocated time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: She had taken only seven minutes.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: That means I had 21 minutes. Maybe, I have taken around that time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is over now.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: So, 21 minutes are over. All right.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Long back.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Madam, I will just finish. That is why

I have thrown away all the papers. Now, only the last point. Madam, because of this rice problem, especially, in Southern India, what has happened is, that a number of rice farmers, including those of Andhra Pradesh and Karnataka, have shifted to other crops, like sugarcane. Now, they are forced to do that, because rice price at the local level has gone down by 50 per cent -- from six rupees it has come down to three-and-a-half rupees. What do you do? They have shifted to sugarcane, but what has happened in sugarcane is that the sugar mills themselves are in difficulty. So, sugarcane is produced, because there the problems of farmer are less, their cost of production is less. Our Government, Madam, though it is dynamic, the Food Minister is dynamic, despite this, what is happening is that, once the sugarcane is supplied, the small sugar mills are not able to pay to the farmers. If they pay to the farmer by selling their stocks, the Essential Commodities Act will put them in jail. And, if they do not pay, the State Governments will say, 'we will take all your assets and pay to the farmers.' The result is that the industry will be closed down. Is it the solution? What will happen, if the industry is closed? The golden goose is closed. The farmers will suffer, the country will suffer and the workers will suffer. What are we planning so that these small units are not really closed down? The last point, Madam, is that the wheat and rice production -- in the morning also, we talked about productivity and production -- the total production has increased. But what about the productivity, per hectare? Has it increased? I know this is a matter relating to growing of food. Therefore, the hon. Minister can take it up with the Agriculture Minister. If the productivity of land is improved, the cost of production will automatically come down. As a result, the farmers and the country, as a whole, will benefit. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Last week there was a discussion on the productivity of land and somebody had pointed out that because of the division of land, its productivity had gone down. A fifteen-acres land does not produce as much, if it is fragmented. But if that land is put together and tilled, the overhead costs will come down and productivity will increase. I clearly remember that it was said during a discussion, probably, last Thursday.

Now, Shri Gandhi Azad.

श्री गांधी आजाद (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद, महोदया। महोदया, खाद्य निगम अधिनियम, 1964 में और संशोधन करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। यह बिल खाद्य निगम की निधि को और बढ़ाने तथा आरक्षित करने के लिए है।

महोदया, मैं मंत्री जी का ध्यान खाद्य निगम के कुप्रबंधन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिस के कारण खाद्य निगम द्वारा निर्धारित फसलों का न्यूनतम मूल्य देश के छोटे और मध्यम किसानों को नहीं मिल पाता है और बिचौलियों को उस का फायदा मिलता है। महोदया, खाद्य निगम के कुप्रबंधन के कारण ही अनाज के प्रचुर भंडार रहते हुए भी देश के कई क्षेत्रों में लोग भुखमरी की कगार पर हैं। महोदया, हाल ही में मंत्री जी ने इसी सदन में एक सवाल के उत्तर में जवाब दिया था कि देश में अनाज का प्रचुर भंडार है, लेकिन प्रदेश की सरकारें यह अनाज उठा नहीं रही हैं, लेकिन मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि प्रचुर भंडार रहने के बावजूद देश में भूख के कारण आत्म-हत्याएं क्यों हो रही हैं? गरीबी के कारण आत्म-हत्याएं क्यों हो रही हैं? आप इस आंकड़ों के गणित और औसत के गणित से सरकार कब तक चलाएंगे। महोदया, मैं इस औसत के गणित के संबंध में एक दृष्टांत देकर अपनी बात समाप्त करूंगा। यह एक गुरु और चेले की कहानी है जिस में गुरु को नाला पार कराना था और उस के लिए चेला नाले की गहराई का औसत निकालता है। उस ने पाया कि यह नाला कहीं 2 फुट, कहीं 3 फुट, कहीं 5 फुट और कहीं 7 फुट गहरा था और गुरु जी की लंबाई साढ़े 5 फुट थी। चेले ने नाले की गहराई का जब औसत निकाला तो वह 5 फुट आई। उस ने कहा कि गुरु जी आप निकल जाइए कोई झंझट नहीं है, यह नाला औसतन 5 फुट गहरा है, आप पार हो जाएंगे। गुरु जी चेले के कहने पर, उस के गणित पर चले गए। नाले में पानी 5 फुट से ऊपर था और 6-7 फुट पानी आने पर वह बहने लगे, डूबने लगे तो गुरु जी को डूबता देख चेला हिसाब लगाने लगा। उस ने हिसाब लगाया और उस के बाद बोला, 'हिसाब निकला ज्यों-का-त्यों, गुरु हमारा डूबा क्यों'। तो मंत्री महोदय मैं कहना चाहता हूं कि आप औसत के गणित से देश चलाने का काम न करें कि प्रचुर मात्रा में भंडार है, लेकिन मंत्री जी प्रचुर मात्रा में लोग भूख से मर भी रहे हैं। इसलिए औसत और आंकड़े के गणित से काम नहीं चलेगा। मेरा आप से अनुरोध है कि आप औसत को व्यावहारिकता में बदलिए, सत्यता को परखने का काम करिए और इसे कार्यरूप दीजिए। महोदया, इस प्रत्याशा में कि आगे देश में कोई भूख से नहीं मरेगा, किसानों से अनाज की सीधी खरीद होगी, इस का लाभ बिचौलियों को नहीं दिया जाएगा, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। साथ-ही-साथ निवेदन करता हूं कि यदि हमारे निवेदन के पालन में मंत्री जी की कोई असमर्थता हो तो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन जरूर करें ताकि भविष्य में देश का कोई भी नागरिक भूख से न मरे। धन्यवाद।

श्री शांता कुमार : उपसभापति महोदया, फूड कारपोरेशन के संबंध में हुई इस चर्चा में भाग लेने वाले सभी माननीय सदस्यों का मैं धन्यवाद करता हूं। मैं प्रारम्भ में एक बात कहना चाहता हूं कि एफ.सी.आई. इस देश में एक अत्यंत महत्वपूर्ण काम कर रही है। दो-चार बातें इस दृष्टि से प्रमुख रूप से कही गईं। फूड सिक्योरिटी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। किसान की मदद करने के लिए प्रोक्योरमेंट करना बहुत जरूरी है और देश के लाखों गांवों के करोड़ों गरीब लोगों तक अन्न पहुंचाना बहुत जरूरी है। ये सारी की सारी बहुत जरूरी बातों को करने के लिए फूड कारपोरेशन का अत्यंत महत्वपूर्ण रोल प्रारम्भ से रहा है, आज भी है। उसमें कुछ कमियां हैं लेकिन उन सारी कमियों के बावजूद फूड कारपोरेशन एक महत्वपूर्ण काम कर रही है। आज विषय तो बहुत छोटा सा है, उस संबंध में जो भी सुझाव आए हैं, मैं उनका स्वागत करता हूं। मैं धन्यवाद करता हूं कि इस संशोधन का समर्थन सदन ने किया है और इसके लिए मैं सदन का आभारी हूं।

कुछ बातें कही गई हैं, जिनके संबंध में स्पष्ट करना चाहता हूं। यह कहा गया कि

स्टॉक बहुत अधिक है और उसका कारण यह है कि ऑफ टेक कम हो गया, उसका कारण यह है कि पिछले साल हमने नीति में परिवर्तन किया। इसका मुख्य कारण यह नहीं है। स्टॉक अधिक होने का कारण यह है कि सरकार ने मिनिमम स्पोर्ट प्राइस ठीक निश्चित की ताकि लाभप्रद मूल्य किसान को मिले और यह ठीक ऐग्ज़ेक्ट मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय करने के कारण अधिक से अधिक किसान अपनी उपज हमें देना चाहते हैं और जितना वे मंडी में लाते हैं, उसको सरकार लेती है और इसके कारण स्टॉक अधिक बढ़ गए हैं। आज कुल मिलाकर हमारे पास 616 लाख टन अनाज है और उस अनाज को संभालने की, रखने की हम कोशिश कर रहे हैं। ...(व्यवधान)...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh) : Madam, the Minister is misleading the House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: First, let him complete his reply. At the end, you can seek a clarification.

डा. अलादी पी. राजकुमार : ये बोले कि जितना भी मंडी में आया, एफ0सी0आई0 ने खरीदा। हम लोगों के पास आंध्र प्रदेश में 152 lakh tonnes of foodgrains were produced. We had to fight both inside the House and outside the House that the FCI should procure these foodgrains, but they could procure only 60 lakh tonnes. I would request the Minister not to mislead the House.

श्री शांता कुमार : मैं इस संबंध में निवेदन करना चाहूंगा कि कोई भी सरकार पूरे का पूरा उत्पादन नहीं खरीद सकती। हमसे पहले जो सरकार थी, वह भी लगभग 11-12 प्रतिशत ही खरीदती थी। 100 प्रतिशत खरीदना किसी भी सरकार के लिए कभी भी संभव नहीं। ...(व्यवधान)... सरकार सप्लीमेंट करती है, सरकार प्रयत्न करती है और वैसे तो मिनिमम सपोर्ट प्राइस का मतलब यह है कि यदि एक रीज़नेबल भाव से भाव नीचे जाने लगे तो सरकार इंटरवेंशन करे, उसको खरीदे, लेकिन आज यह धारणा जा रही है और इस बारे में भी इस सदन को और सरकार को बैठकर निर्णय करना पड़ेगा। यह धारणा देश में चली गई, हमारी सबकी मिली-जुली नीतियों के कारण। यह संभव नहीं है कि जो भी उत्पादन हो, जहां भी हो, उसे सरकार खरीदे, पूरे का पूरा खरीदे। केवल पिछले साल प्रोक्योरमेंट पर 32,000 करोड़ रुपया हमने खर्च किया और आज 616 लाख टन अनाज हमारे भंडार में है। अब देश में सब जगह यह मांग हो रही है, आलू की फसल बहुत ज्यादा होती है और घरों में ढेर लग जाता है, उत्पादक की इच्छा होती है कि सारे का सारा आलू सरकार खरीदे। जब हिमाचल प्रदेश में सेब का बहुत अधिक उत्पादन होता है तो सब चाहते हैं कि सारा सेब सरकार खरीदे। क्या यह संभव है कि कोई सरकार पूरे के पूरे उत्पादन को खरीद ले? यदि यह करना है तो सरकार का पूरा बजट भी अगर लगा दिया जाए तो भी सारा उत्पादन नहीं खरीदा जा सकता। इसलिए एक व्यावहारिक नीति की आवश्यकता है और हमारी सरकार व्यावहारिक नीति अपनाने की कोशिश करती रही है।

महोदया, यहां एक बात और आई है और वह सही भी है कि एक ओर सरकार के भंडार भरे पड़े हैं और दूसरी ओर लोग भूखे हैं। सचमुच यह दुर्भाग्य का विषय है, चिंता का विषय है। इस विषय पर आजकल सुप्रीम-कोर्ट भी विचार कर रही है। मैं आभारी हूं उन लोगों का जो

सुप्रीम-कोर्ट में गए क्योंकि यह ऐसा विषय है कि जिस पर सभी को चिंतन और मनन करना चाहिए। कहीं पर कोई भूखा नहीं रहना चाहिए, मैं इस बात को स्वीकार करता हूं और फिर जब गोदाम भरे पड़े हों, तब कोई क्यों भूखा रहे? यह चिंता बिल्कुल सही और सरकार इस चिंता में आपके साथ है लेकिन हमारा जो पूरा का पूरा सिस्टम है, इसमें जिम्मेदारियां बंटी हुई हैं और इसमें ज्वाइंट रिस्पांसिबिलिटी भी है। हमारे जिम्मे प्रोक्योर करने का काम है और हम प्रोक्योर करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे जिम्मे दूसरा काम है इस अन्न को स्टोर करना, हम इसे स्टोर कर रहे हैं। हमारे जिम्मे तीसरा काम यह है कि हम इस अनाज को राज्यों को उपलब्ध कराएं, हम यह अन्न राज्यों को उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हम किसी प्रदेश की राजधानी तक ही जैसे राजस्थान में केवल जयपुर तक ही यह अन्न देते हैं। महोदया, देश के अंदर हमारे 1500-1600 डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर्स हैं, उन सेंटर्स तक FCI अपने खर्च पर इस अनाज को पहुंचाती है।

महोदया, मेरा कहना यह है कि केन्द्रीय सरकार के जिम्मे जो जिम्मेदारी है कि हम इस अनाज को प्रोक्योर करें, स्टोर करें, राज्यों को दें, ये तीन काम हम कर रहे हैं। इससे आगे जाकर जो 4,60,000 राशन की दुकानें हैं, उन दुकानों तक इस अन्न को पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज स्थिति यह है कि सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं जिनके अधीन बहुत सा अनाज दिया जाता है, सब्सिडाइज्ड रेट पर दिया जाता है और यदि वे सारी योजनाएं पूरे देश में लागू होतीं, यदि देश की 4,60,000 राशन की दुकानों तक यह अन्न पहुंच गया होता तो आज स्टारवेशन की नौबत न आती, भुखमरी के समाचार न आते।

महोदया, हम कुल मिलाकर 303 लाख टन अनाज ऐलोकेट करते हैं राज्य सरकारों को और आप यह जानकर हैरान होंगी कि केवल 130 लाख टन का टेक-ऑफ होता है। महोदया, मुख्यमंत्रियों की कॉन्फ्रेंस में मैंने उनसे एक सवाल पूछा कि 36 करोड़ लोग इस देश में गरीबी की रेखा के नीचे बसते हैं और एक गरीब परिवार को कम से कम महीने में 60 किलो अनाज की जरूरत है। हम उसको पहले 20 किलो देते थे, इसे अब बढ़ाकर हमने 25 किलो कर दिया है। महोदया, एक गरीब परिवार की जरूरत 60 किलो की है, हम 20 किलो देते हैं और इतना सस्ता देते हैं कि इस भाव पर हिंदुस्तान की किसी दुकान पर अनाज नहीं मिलता है - 4 रुपए 35 पैसे प्रति किलो गेहूं और 5 रुपए 65 पैसे प्रति किलो चावल हम देते हैं। तो फिर यह 20 किलो पूरा क्यों नहीं उठता है? इसका टेक-ऑफ तो 100 प्रतिशत होना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि एक फूड मिनिस्टर होने की हैसियत से मुझे यह बात समझ में नहीं आ रही है, आप ही समझाने की कोशिश कीजिए कि एक परिवार को 60 किलो अनाज की जरूरत है, हम सस्ते भाव पर 20 किलो दे रहे हैं और इस 20 किलो का टेक-ऑफ कितना है - केवल 55 परसेंट। तो इसमें कसूर किसका है?

श्री संतोष बागड़ोदिया : ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि क्वालिटी खराब है।

श्री शांता कुमार : इसका कारण क्वालिटी नहीं है। मैं क्वालिटी की बात पर आता हूं। मेरा निवेदन यह है कि 303 लाख टन हम देना चाहते हैं लेकिन केवल 130 लाख टन अनाज ही उठाया जाता है। इसके अलावा सूखाग्रस्त प्रदेशों को हमने 22 लाख टन दिया है।

महोदया, अभी एक माननीय सदस्य ने हंसते हुए यह बात कही कि यह जो अमेंडमेंट हम इस बिल में लेकर आए हैं, यह और किसी कारण से नहीं है बल्कि इस कारण से है क्योंकि

किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां आए थे, इसलिए हम यह अमेंडमेंट ला रहे हैं। महोदया, मुख्यमंत्री तो आते रहते हैं और हमसे मिलते रहते हैं। मैं इतना निवेदन करना चाहता हूं कि जिन मुख्यमंत्री की ओर आप इशारा कर रहे थे, आदरणीय नायडू जी यहां आए थे अपनी समस्याएं लेकर और हमने उनका समाधान किया। उनके तो दिल्ली आने पर हमने उनका समाधान किया लेकिन राजस्थान के मुख्य मंत्री महोदय ने मुझे टेलीफोन किया और टेलीफोन पर हमने उनको अनाज भेजा। तो सभी मुख्य मंत्रियों की बात हम सुनते हैं। तो उसमें कारण क्या है? मुख्य कारण यह है कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम जितना पूरा एफिसिएंट होना चाहिए उसमें कमी है। चार लाख साठ हजार दुकानों तक यदि यह अन्न उपलब्ध कराया जाए तो मैं समझता हूं कि इस किस्म की बातें बहुत हमारे सामने आएंगी।

भाव के बारे में भी कहा गया है। सो मैंने यह कहा कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में बिल्कुल सस्ते भाव हैं। गरीबी की रेखा के नीचे के 36 करोड़ लोगों के लिए व्हीट चार रुपए पंद्रह पैसे किलो, चावल पांच रुपए पैंसठ पैसे किलो है। यह बाजार से भाव सस्ता है। इसके अलावा जो पांच करोड़ लोग अन्त्योदय अन्न योजना में हैं उनको 25 किलो अनाज किस भाव में है? वह है दो रुपए किलो गेहूं और तीन रुपए किलो चावल। अब यह क्यों नहीं पहुंचाया जाता? एक करोड़ परिवारों को, पांच करोड़ लोगों को हम दो रुपए किलो गेहूं, तीन रुपए किलो चावल देना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि 16 प्रदेशों में योजना शुरू हो गई। लेकिन मुझे दुख है कि बाकी प्रदेशों में यह योजना नहीं शुरू हो रही है। कौन करेगा इस योजना को शुरू? यदि उन सारे प्रदेशों में योजना शुरू हो गई होती और गांवों के गरीब आदमी को दो रुपए किलो गेहूं, तीन रुपए किलो चावल राशन की दुकान पर दिया गया होता तो शायद भुखमरी के बहुत से किस्से हमको सुनने नहीं पड़ते। तो इसमें ...(**व्यवधान**)...

श्री संतोष बागड़ोदिया : किन स्टेट्स में चालू नहीं हुई है जिससे हम वहां चलवाएं?

श्री शांता कुमार : देखिए, चालू हुई है, इसकी घोषणा हुई है। मैं प्रदेशों के मुख्य मंत्रियों को बार-बार पत्र लिख रहा हूं, मेरे राज्य मंत्री सारे प्रदेशों में गए हैं। मैंने उनको कहा कि जाओ, तथा प्रदेशों में गेहूं की इस योजना को शुरू कराओ।

श्री संतोष बागड़ोदिया : उनका नाम बताएं।

उपसभापति : मंत्री जी, वह यह पूछ रहे हैं कि आप उनकी लिस्ट दे दें कि किन राज्यों में शुरू हुई है और किन राज्यों में अभी शुरू नहीं हुई है।

श्री शांता कुमार : 16 प्रदेशों में शुरू हुई है। मैं सूचना आपको दे दूंगा। बाकी प्रदेशों में अभी योजना शुरू नहीं हुई है। सो मेरा यह निवेदन है कि हमारे जो पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन ...(**व्यवधान**)... बाकी प्रदेशों की सूची मैं आपको दे दूंगा। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : सूचना आ गई है, एक मिनट रुकिए।

श्री शांता कुमार : जिन प्रदेशों में यह योजना शुरू हो गई है मैं उनका नाम पढ़ देता हूं।

आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, यू.पी., अंडमान निकोबार, दमन दीव और कर्नाटक।

इन प्रदेशों में योजना शुरू हो गई, बाकी प्रदेशों में योजना शुरू नहीं हुई है। मेरा यह निवेदन है कि हमारे भाव बिल्कुल ठीक हैं और आम गरीब आदमी की जो परचेजिंग पॉवर है उसके अंतर्गत उनको लिया जा सकता है।

एक और बात यहां कही गई है कि बहुत सा अन्न खराब होता है। महोदया, 616 लाख टन हमने रखा है और केपेसिटी 512 लाख टन की है। लगभग 100 लाख टन बाहर रखना पड़ा है। कुछ खराब होता है मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। लेकिन यह जो बात कही जाती है कि अन्न के भंडार पड़े हैं, अन्न सड़ रहा है यह वक्तव्य, यह स्टेटमेंट बिल्कुल ठीक नहीं है। अन्न सड़ नहीं रहा है, अन्न को संभाल कर रखने की कोशिश की जाती है। कुछ खराब होता है निश्चित रूप से वह तो निश्चित प्रक्रिया है और जो खराब होता है उसको अलग कर दिया जाता है, उसको पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में बिल्कुल नहीं डाला जाता। कुछ माननीय सदस्यों ने क्वालिटी की बात कही। मैं बिल्कुल सहमत हूं कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में क्वालिटी बिल्कुल ठीक जाए। सरकार ने एक निर्णय किया है। सभी राज्य सरकारों को हमने कह दिया कि जब आप हमारे गोदाम से अन्न लें तो घटिया क्वालिटी का बिल्कुल न लें। अगर लेंगे तो जिम्मेदारी आपकी होगी। कई प्रदेशों ने लेते समय शिकायत की। हमने उस पर जांच की है। तो हमने कहा है कि कोई भी राज्य सरकार हमारे गोदाम से जब अन्न उठाती है तो वह फेयर एवरेज क्वालिटी का होना चाहिए। अगर ठीक नहीं है तो आप मत लीजिए। हमको बताइये, यह बार-बार हमने कहा हुआ है। इसलिए अब अगर किसी राशन की दुकान पर अन्न की क्वालिटी ठीक नहीं है तो इसकी हमारी जिम्मेदारी नहीं है, यह जिम्मेदारी लेने वाली राज्य सरकार की है। इतना ही नहीं, कई बार जब प्रोक्योरमेंट होती है, हम पर दबाव पड़ता है कि स्पेसिफिक रिलेक्स करिये और कुछ कारण वाजिब होते हैं इसलिए हमको स्पेसिफिक रिलेक्स करना पड़ता है। स्पेसिफिक रिलेक्सेशन के बाद जो अन्न हमारे पास पड़ा हुआ था, वह फेयर एवरेज क्वालिटी था, खाने के योग्य था। लेकिन जब इस किस्म की शिकायतें आयीं तो सरकार ने निर्णय किया कि हम उस अनाज को पीडीएस में इश्यु नहीं करेंगे। उसको हमने नीलाम करके निकाला, करोड़ों का नुकसान हुआ लेकिन हमने क्वालिटी के साथ समझौता नहीं किया। वह फेयर एवरेज क्वालिटी का था, इश्यु किया जा सकता था, खाने योग्य था, चूंकि थोड़ी सी स्पेसिफिकेशन रिलेक्स की थी तो हमने यह निर्णय किया कि क्वालिटी से कोई भी समझौता नहीं करना है। करोड़ों का नुकसान उठाकर लगभग 30 लाख टन चावल, अनाज हमने डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में इश्यु नहीं किया, ओपन टेंडर के द्वारा हमने निकाला ताकि क्वालिटी से कोई समझौता न हो। हमने बार-बार राज्य सरकारों को कहा है कि आप जब लेते हैं तो ठीक अनाज लीजिए। कहीं कोई गलत अनाज देता है तो हमको शिकायत करिए। इसलिए क्वालिटी कहीं पर भी घटिया न हो इसका हम पूरा-पूरा प्रयत्न कर रहे हैं।

जहां तक लोसिस की बात कही गई है, कुछ होती हैं, उनको भी कम करने की कोशिश फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने की है। मैं यह कहना चाहता हूं कि फूड कारपोरेशन एक बहुत बड़ा संगठन है। उसमें लाखों कर्मचारी हैं और उसको करोड़ो-अरबों रुपये का काम करना पड़ता है। उसमें कुछ कमियां आपने बताई हैं, कुछ कमियां हैं लेकिन उन कमियों के बावजूद यह बहुत महत्वपूर्ण काम हो रहा है। पिछले दो साल के अंदर फूड कारपोरेशन के अंदर कई ढंग से बचत की गई है। उसमें जो लोसिस की बात आपने कही है तो स्टोरेज और ट्रांजिक्ट लोसेस में भी 100 करोड़ रुपये की बचत फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने की है। अब लोसिस पहले की

तरह नहीं हो रहे हैं, उसमें नियम बदले हैं, उपनियम बदले हैं, कठोर अनुशासन लागू किया गया है। मुझे माननीय सदस्यों को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि पिछले एक साल के अंदर 151 करोड़ रुपये की बचत फूड कारपोरेशन आफ इंडिया के अंदर हुई है। मैं उसका ब्यौरा भी दे देना चाहता हूं, 100 करोड़ रुपये की बचत स्टोरेज और ट्रांजिक्ट लोसिस के अंदर फूड कारपोरेशन ने की है। ओवर टाइम में 15 करोड़ रुपये, तीन करोड़ और मेडीकल में 15 करोड़ रुपये की बचत की है। डेमेज के अंदर भी हमने नियम, उपनियम बदल कर के 16 करोड़ रुपये की बचत की है, ऑफिस एक्सपेंसिस में दो करोड़ रुपये की बचत की है। ...(व्यवधान)...

SHRIMATI BIMBA RAIKAR (Karnataka) : Madam, I would like to seek a clarification from the hon. Minister.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish. Then I will allow you.

श्री शांता कुमार : कुल मिलाकर 151 करोड़ रुपये की बचत सरकार ने की है। एक और बात भ्रष्टाचार की कही गई कि कुछ बातें इस प्रकार की होती हैं। मैं मानता हूं जहां मैं इस बात को कहता हूं कि फूड कारपोरेशन बहुत महत्वपूर्ण काम कर रही है, जहां कमियां हैं, उन कमियों को दूर करने की कोशिश की जा रही है। लगभग सात बड़े-बड़े पुराने केसेज हमने सीबीआई को दे दिए हैं। जांच हो रही है। बाकी भी जहां कहीं कोई गलत बात मिलती है उस पर पूरी कार्यवाही की जाती है। सन् 2000 के अंदर मेजर पेनल्टी में कुल मिलाकर के डिसमिसल, रिमूवल, कम्पलसरी रिटायरमेंट 13 की गईं, रिडेक्शन इन रैंक 16 हुये, रिडेक्शन इन टाइम्स स्केल आफ पे 230, गलत काम करने के कारण 259 लोगों को सजा दी गई। माइनर पेनल्टी में पिछले साल 1024 लोगों को सजा दी गई। इसी तरह इस साल भी मेजर पेनल्टी में 223 लोगों को सजा दी गई, माइनर पेनल्टी में 532 लोगों को सजा दी गई। लोगों को नौकरी से भी निकाला गया है, क्रिमिनल केसेज अलग चल रहे हैं और सात केसेज हमने सीबीआई को दे दिये हैं। जहां-जहां कोई गलत बात होती है उसको रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयत्न किया जाता है। एक बात यहां पर कही गई कि सिस्टम यूनिवर्सल होना चाहिए। पिछली पंचवर्षीय योजना जब बन रही थी तभी यह बात कही गई थी कि अब यह सिस्टम टारगेटिड होना चाहिए, गरीब आदमी के लिए होना चाहिए। और वह पंचवर्षीय योजना पूरे देश ने राष्ट्रीय विकास परिषद के अंदर स्वीकार की थी। पूरे भारत का निर्णय था और उस निर्णय को आधार बनाकर 1997 में टार्गेटिड पॉलिसी डिस्ट्रीब्यूशन की शुरु की गई थी। उसके मुताबिक केवल गरीबों पर अधिक ध्यान दिया जाए, इस प्रकार का प्रयत्न किया गया। यहां पर एक बात और कही गई कि मूवमेंट में किसी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए तो किसी प्रकार का अवरोध नहीं है। भारत सरकार ने राज्य सरकारों को कहा है कि फूडग्रेन की मूवमेंट पर किसी प्रकार की कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार की ओर से कोई रुकावट नहीं है। हमने प्रदेशों को भी कहा है कि इसमें किसी प्रकार की रुकावट नहीं चाहिए। एक और चिंता की बात कही गई है, यह बिल्कुल ठीक है कि स्टोरेज कैपेसिटी हमारे पास काफी नहीं है, ठीक प्रकार से नहीं है। मैंने कहा कि हमारे पास 512 लाख टन अनाज रखने की जगह है और 616 लाख टन अनाज रखा है। इसके कारण काफी परेशानी आती है। सरकार ने इसके लिए बहुत पहले निर्णय किया और एक नेशनल स्टोरेज पॉलिसी बनाई और अब उस पर काम शुरु हो गया है। जो आपने सुझाव दिए हैं, ये सारी बातें इस पॉलिसी के अंदर हैं। इस पॉलिसी की दो मुख्य बातें हैं, एक तो यह है स्टोरेज बल्क हैंडलिंग ट्रांसपोर्टेशन, इसका इन्फ्रास्ट्रक्चर का स्टेटस दिया गया है ताकि इसमें पैसा लगाने वालों को सब

प्रकार के इन्सेंटिव प्राप्त हों। दूसरे इसमें पार्टिसिपेशन को पूरी तरह लागू किया जाए। इसमें लगभग 6088 कन्वेंशनल गोडाउन के लिए जगह तय कर दी गई, एडवर्डटाइजमेंट कर दी गई है और प्राइवेट पार्टीज से आफर आ गई हैं। उन आफर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आफर अंतिम करने पर हम प्राइवेट पार्टी से एग्रीमेंट करेंगे कि आप बनाइए, हम सात साल के लिए लेंगे और वे इसके लिए बिल्कुल तैयार हैं। प्राइवेट सैक्टर में देश भर के अंदर ये नई कैपेसिटी बनेगी। बल्क हैंडलिंग के लिए 21 लाख टन की कैपेसिटी साइलो लेटेस्ट टैक्नॉलोजी के आधार पर करने का हमने विचार बनाया है। उस पर ग्लोबल टेंडर होने हैं तो 21 लाख टन और पौने सात लाख टन नई कैपेसिटी तैयार होगी। इसके अलावा अक्तूबर में हमें जगह प्रक्योर करनी है। क्योंकि आज हमारे पास कहीं भी अनाज रखने के लिए जगह नहीं है इसलिए कंज्यूमिंग स्टेट्स के मुख्यमंत्री बहुत परेशान हैं। उनके साथ बातचीत करने के बाद हमने एक नया तरीका निकाला। मुख्य मंत्रियों ने हमको कहा कि आप गारंटी दीजिए हम अपने प्रदेश में प्राइवेट सैक्टर में गोदाम बना लें। हमने गारंटी दे दी। इस समय 61 लाख टन की गारंटी भारत सरकार दे चुकी है और उस गारंटी के आधार पर प्रदेशों में गोदाम बनने शुरू हो गए हैं। बड़े व्यापक स्तर पर इंतजाम हो रहा है। 61 लाख टन अनाज का प्रबंध अगली प्रोक्योरमेंट के पहले-पहले हो जाएगा। गारंटी हमने दे दी है। 30 लाख टन का नेशनल स्टोरेज पालिसी के अंदर प्रबंध हो जाएगा। मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि पर्याप्त स्टोरेज कैपेसिटी लेटेस्ट टैक्नोलोजी के आधार पर, सरकार के ध्यान में हैं। इससे वेस्टेज नहीं हो सकेगा और हमारा यह विश्वास है कि इस दिशा में हम पूरा-पूरा प्रयत्न करेंगे। फूड फार वर्क के अंदर हमने अनाज प्रदेशों को दिया है, अभी राजस्थान की यहां चर्चा हुई। उनको तो हमने टेलीफोन पर ही अनाज दे दिया। उनको यहां आने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस समय हम राजस्थान को 7 लाख, 39 हजार टन अनाज एलोट कर चुके हैं लेकिन उन्होंने उठाया है केवल 4 लाख 77 हजार टन। अब तो मुझे आपसे शिकायत है कि उठाते क्यों नहीं है। आपको मुझसे शिकायत करने का अधिकार नहीं है। मैं शिकायत कर रहा हूं कि हम जो गरीबों को देना चाहते हैं वह नहीं उठता। फूड फार वर्क के अंदर ...**(व्यवधान)**... फूड फार वर्क के अंदर हम कुल मिलाकर 22 लाख 19 हजार....

SHRIMATI BIMBA RAIKAR: The quality is very poor. That is why they are not taking the rice. ...*(Interruptions)*... Madam, give me just one minute. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will allow you at the end. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BIMBA RAIKAR : I am from Karnataka. The rice that you supplied was bad. The Food Minister of Karnataka brought the rice and kept on our table. It was so dirty that we had to fight with them. I said, हमारे घर का कुत्ता भी यह चावल नहीं खाता, I said, "Don't take the Karnataka people for granted and don't give this type of rice". After so much of fighting, अभी थोड़ा-थोड़ा अच्छा चावल आ रहा है। ऐसा बुरा चावल देंगे तो कौन लेगा? गरीबों के लिए क्या बुरा चावल ही बचा है?

श्री शांता कुमार : क्वालिटी के बारे में पहले ही कह चुका हूं। अगर कर्नाटक की किसी राशन की दुकान पर चावल खराब है तो कसूर कर्नाटक की सरकार का है, हमारा नहीं है ...(व्यवधान)... हमने बार-बार कहा है कि जब आप हमारे गोदाम से राशन उठाते हैं तो बढ़िया उठाइए, घटिया मत उठाइए। अगर कोई घटिया राशन देता है तो उसकी शिकायत कीजिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर 4,60,000 दुकानों में से कहीं पर घटिया किस्म का राशन मिलता है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं है बल्कि हमसे लेने वाली सरकार की है। फूड फोर वर्क के बारे में मैं कह रहा था कि इसके अंतर्गत अभी तक हम 22,19,000 टन अनाज बिल्कुल मुफ्त दे चुके हैं। यह पहला मौका है कि जब केंद्र सरकार ने इतनी अधिक मात्रा में सूखाग्रस्त प्रदेशों को अनाज दिया है। सूखाग्रस्त प्रदेशों को 22,19,000 टन गेहूं बिल्कुल मुफ्त दे दिया गया। इसमें से अभी तक केवल 13,00,000 टन गेहूं उठा है, 9,00,000 टन अभी तक नहीं उठा है। हमारा निवेदन है कि इसे जल्दी उठाएं, फूड फोर वर्क शुरू करें ताकि कहीं किसी के भूखे रहने की नौबत न आए। जहां लगता है भूख है वहां फूड फोर वर्क शुरू करके इस अनाज का लाभ उठाएं ...(व्यवधान)...

श्री अनन्त सेठी (उड़ीसा) : उड़ीसा की फिगर दे दीजिए कि वहां कितना एलोकेट हुआ और कितना उठाया।

श्री शांता कुमार : एक बात यह भी कही गई कि हम जो संशोधन ला रहे हैं उससे फूड कॉर्पोरेशन के पास ब्लैंक चैक आ जाएगा। उपसभापति महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा नहीं है। जो भी बैंक हमें पैसा देता है वह हमारे स्टॉक के अगेंस्ट देता है, स्टॉक से अधिक नहीं देता। जितना स्टॉक होगा उतना पैसा मिलेगा। जब रिजर्व बैंक इस बात का ध्यान रखेगा तो ब्लैंक चैक नहीं होगा। स्टॉक के अगेंस्ट ही हमें इस प्रकार की सुविधा मिलेगी।

एक्सपोर्ट के बारे में कहा गया, इराक की भी चर्चा की गई। एक्सपोर्ट करने का निर्णय पिछले साल हुआ और इस समय तक हम 31,00,000 टन गेहूं विदेशों को एक्सपोर्ट कर चुके हैं। किसी अन्य देश से हमारा गेहूं रिजेक्ट नहीं हुआ है, केवल इराक से हुआ है। इसके रिजेक्ट होने का भी एक कारण है और वह यह है कि ग्रेन बैंक ऑफ इराक ने भारत के एक्सपोर्टर्स को सीधा आदेश दिया था। इसमें भारत सरकार और एफ.सी.आई. बीच में कहीं नहीं थे। जब उन्होंने आदेश दिया तो एक्सपोर्टर्स ने एक्सपोर्ट करना शुरू कर दिया। एक्सपोर्टर्स ने इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड के मुताबिक अपने गेहूं को ठीक ढंग से एक्सपोर्ट किया। इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड के मुताबिक दो प्रतिशत तक फोरेन मैटर हो सकता है। यह दो प्रतिशत क्वालिफाई है। इस दो प्रतिशत फोरेन मैटर में डेढ़ प्रतिशत ऑर्गेनिक और आधा प्रतिशत इनऑर्गेनिक हो सकता है। एक्सपोर्टर्स जिस ढंग से बाकी जगहों पर सप्लाई करते हैं उसी ढंग से यहां भी कर दिया। लेकिन जब अन्न इराक पहुंचा तो इराक ने कहा कि हम दो प्रतिशत की बात तो मानते हैं लेकिन उसमें आधा प्रतिशत इनऑर्गेनिक होना चाहिए, यह नहीं मानते। हमें तो जीरो प्रतिशत इनऑर्गेनिक चाहिए। इस आधार पर उन्होंने रिजेक्ट कर दिया। एक रिजेक्शन हुआ, दूसरा हुआ तो हमें लगा कि वैसे तो यह दोनों के बीच का मामला है लेकिन यह भारत की छवि का सवाल है, हमारे एक्सपोर्ट पर इसका असर पड़ेगा इसलिए हमने अपने मंत्रालय से एक डेलीगेशन इराक भेजा उन्होंने वहां सारी बात रखी। उनकी रिपोर्ट आई और उस रिपोर्ट से लगा कि इराक ने हमारा ही नहीं बल्कि और भी कई देशों का गेहूं इसी आधार पर रिजेक्ट किया है। हमने उन्हें आदेश दे दिया है कि जब तक यहां इराक की स्पेसिफिकेशन के मुताबिक अन्न की गुणवत्ता न हो तब तक उन्हें एक्सपोर्ट न किया जाए।

इराक से हमने प्रार्थना की कि आपका जो आदेश है उसके लिए आप समय बढा दीजिए। उन्होंने समय बढ़ा दिया है। हमने एक्सपोर्टर्स से कहा है कि आप उनके मुताबिक सफाई करने का प्रबंध कीजिए। इसका प्रबंध भी बंदरगाह पर हो गया है और साफ करके नमूने भी इराक को भेज दिए गए हैं। इराक से कहा है कि आपके अधिकारी यहां आएं और इस व्यवस्था को देखें। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि उनके मुताबिक इंतजाम किया जाए। अन्य किसी देश में हमारा गेहूं रिजेक्ट नहीं हुआ है। केवल इराक में इस कारण हुआ। इराक ने और भी देशों का गेहूं रिजेक्ट किया है। इसलिए भारत के एक्सपोर्टर्स की गुणवत्ता इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक बिल्कुल ठीक है। उसमें कहीं कोई कमी नहीं थी।

यहां पर डीसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट के बारे में बात कही गई। महोदया, जब तीन-चार प्रदेशों में हमको प्रोक्योरमेंट करना होता था तो एक सिंगल एजेंसी प्रोक्योरमेंट कर लेती थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। अब पूरे देश में, बहुत से अन्य प्रदेशों में अन्न पैदा होना शुरू हुआ है और सभी प्रदेशों के गरीब किसान यह मांग कर रहे हैं कि आप हमारा भी प्रोक्योरमेंट करायें, हमारा भी लीजिए। इस बात में वजन था और भारत सरकार ने यह सोचा कि यह काम एक सिंगल एजेंसी पूरे देश में नहीं कर सकती। इसलिए हमने सुझाव दिया कि डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट ...(व्यवधान)... मुझे अपनी बात कहने दें। मैं यील्ड नहीं कर रहा हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish and then I will permit you.

श्री शांता कुमार : तो भारत सरकार का सुझाव यह था कि प्रोक्योरमरेंट को डिसेंट्रलाइज्ड किया जाए। यह हमारा जो सुझाव है, यह कोई नया सुझाव नहीं है। पहले भी यह सुझाव हमने दिया था। आज इस देश में तीन प्रदेश ऐसे हैं जो डिसेंट्रलाइल्ड प्रोक्योरमेंट कर रहे हैं, बंगाल कर रहा है, मध्य प्रदेश कर रहा है और उत्तर प्रदेश कर रहा है। इस डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट का एक्सपेरीमेंट इतना बढ़िया और सफल रहा है कि बंगाल जैसे प्रदेश को हमसे कोई शिकायत नहीं है। बंगाल जैसा प्रदेश डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट के बारे संतुष्ट है, सेटिस्फाई है। ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, ...*(Interruptions)*... It does not mean that you walk into the House and start speaking without the permission of the Chair ...*(Interruptions)*... I am not allowing at all ...*(Interruptions)*... I am sorry. We have to finish this discussion and then we have the Foreign Minister's statement. So, please don't disturb. Let him finish replying to the questions that have already been raised ...*(Interruptions)*... You were not there throughout the discussion.

श्री शांता कुमार : मैं यह कह रहा था कि इन तीन प्रदेशों में आज भी डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट हो रहा है। इन तीन प्रदेशों में डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट के बारे में केंद्रीय सरकार के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। इन तीन प्रदेशों में डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट के कारण 140 करोड़ रुपया की बचत हो रही है। तो हमारा सुझाव था कि सारे प्रदेशों में डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट करें और एक पैसे का बोझा भी हम प्रदेशों पर नहीं डाल रहे हैं। हमारा प्रस्ताव यह है कि आप अपने प्रदेश में प्रोक्योरमेंट करें, आपके पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के लिए आपको

जितना जरूरी है वह आप अपने पास रखें और बाकी हम आपसे ले लेंगे। इश्यू प्राइस और कास्ट, इसका जो अंतर है उसे सब्सिडी के रूप में हम बंगाल को दे रहे हैं, मध्य प्रदेश को दे रहे हैं और उत्तर प्रदेश को दे रहे हैं। इसका फायदा क्या होगा? ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jibon Roy, the same thing applies to you also. I am not allowing you ...*(Interruptions)*... Please sit down. When you were not there throughout the discussion, it looks very unruly that you just walk into the House and the moment West Bengal is mentioned, you get up ...*(Interruptions)*... And, he did not say anything against West Bengal ...*(Interruptions)*... I don't have that much loud voice as you do. God has provided you with a very good, loud, voice, which I don't have.

श्री शांता कुमार : आज यह पूरी प्रोक्योरमैंट की जो प्रक्रिया है उसमें गरीब प्रदेशों को, गरीब किसानों को लाभ नहीं हो रहा है। भारत सरकार चाहती है कि इस प्रक्रिया को व्यापक किया जाए। पूरे देश में अगर प्रोक्योरमैंट करना है तो इसके लिए राज्य सरकारों को आगे आना पड़ेगा। हम राज्य सरकारों पर काम का बोझ नहीं डाल रहे हैं, पैसों का बोझ बिल्कुल नहीं डाल रहे हैं। तीन प्रदेशों में यह सफल हो गया है। लेकिन जब तक सहमति नहीं बनती, हम जबर्दस्ती थोपेंगे नहीं और जब तक प्रदेश नहीं चाहते तब तक केंद्र सरकार अपने कर्तव्य का पालन करेगी। लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि पिछली बार बिहार के लोगों ने इसके लिए कहा था। हमने इसको बिहार में करने की कोशिश की लेकिन प्रदेश की तरफ से हमें कोई सहयोग नहीं मिला। जब तक प्रदेश आगे नहीं आता तब तक यह सफल नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार को इसमें अपनी जिम्मेदारी अनुभव करनी चाहिए। बिहार में चार साल पहले प्रोक्योरमेंट के लिए कहा गया था और वहां 25 हजार टन पैडी को प्रोक्योर किया। राज्य सरकार को इसका चावल बनवाना था लेकिन वह चावल नहीं बनवा पाई और हमें उसकी नीलामी करनी पड़ी। इससे हमें दो हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। पिछले साल दबाव डाला गया लेकिन राज्य सरकार से हमें पूरा सहयोग नहीं मिला। प्रोक्योरमेंट में जो आ रहा है सरकार उसका चावल बनवाकर नहीं दे रही है। अब राज्य सरकारें सब कुछ चाहती हैं लेकिन अपना दायित्व नहीं निभायेंगे तो यह काम पूरी तरह से नहीं होगा। हम कोशिश कर रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक कमेटी बनाई है। उस कमेटी में हम कोशिश कर रहे हैं कि राज्य सरकारों को बताएं, विश्वास में लें लेकिन डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट इस देश में यदि नहीं होगा तो गरीब प्रदेशों के गरीब लोगों को लाभ नहीं हो सकेगा। मैंने मुख्य रूप से सारी बातों का उत्तर दे दिया है। इसके इलावा और भी जो सुझाव आए हैं मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन सभी सुझावों पर फूड कारपोरेशन में काम कर के हम उनको पूरा करने की कोशिश करेंगे। इन शब्दों के साथ मैं निवेदन करूंगा कि यह लिमिट बढ़ाने का जो बिल है, इसे पास करें ताकि फूड कारपोरेशन अगले सीज़न में प्रोक्योरमेंट के लिए पूरी-पूरी तैयारी कर सके। धन्यवाद।

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Madam, I have one clarification.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If everybody puts a question, then we will have a fresh discussion. I think the Bill did not require either so much of discussion or so elaborative reply. But the Minister has given the reply. I

am sure there are many, many questions which everybody has in his mind because it is a question of food. We had the discussion. In fact, the Business Advisory Committee had allotted half-an-hour. But I fought it out and said two hours should be given because I knew it was a very sensitive issue. Now, we have discussed it for more than two hours. Please bear with me. We also have a statement by the Foreign Minister. If any other clarifications are there, you can write to the Minister or you can go and sit with him and quietly talk to him. Let me now pass the Bill. I will put the motion moved by the Minister to vote. The question is:-

"That the Bill further to amend the Food Corporation Act, 1964, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration".

The motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 & 3 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री शांता कुमार : मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now have the statement by the Minister of External Affairs.

STATEMENT BY MINISTER

External Affairs Minister's recent Visit to Nepal

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS AND THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JASWANT SINGH): Madam, I wish to inform the hon. Members that I made a goodwill visit to Nepal from August 17 to 19.

The purpose of my visit was to personally convey to His Majesty King Gyanendra Bir Bikram Shah Dev the deepest condolences of the President, the Prime Minister, the Government, and the people of India at the grievous tragedy that had struck Nepal in June. I also conveyed to His Majesty the good wishes of the President and the Prime Minister.